Zeal College of Engineering & Research, Narhe, Pune-41 LIBRARY 783

झील कॉलेज में साइबर सुरक्षा पर कार्यशाला संपन्न

साइबर सिक्योरिटी के बारे में शिक्षकों को प्रशिक्षण व छात्रों को अवसरों की जानकारियां दी गईं

पुणे, 25 जून (आ.प्र.)

झील कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड रिसर्च पुणे की ओर से 'साइबर सुरक्षा' विषय पर हाल ही में एक हफ्ते की कार्यशाला का आयोजन किया गया. भारत सरकार के मानव संसाधन मंत्रालय के सहयोग से पंडित मदन मोहन मालवीय शिक्षक प्रशिक्षण और शिवाजी यूनिवर्सिटी- कोल्हापुर के तहत इस कार्यशाला का आयोजन किया गया था.

सबके लिए सुरक्षा और विश्वसनीय साइबर स्पेस के इस्तेमाल का दृष्टीकोन सामने रखकर आयोजित की गई इस कार्यशाला का उद्घाटन सिक्योरिटी एनालिस्ट अनिकेत बदामी और अमोल बागल ने किया. इस अवसर पर कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. अजीत काटे, विभागप्रमुख डॉ. एस.डी. शिरबहादुरकर, कम्प्यूटर विभाग प्रमुख डॉ. प्रसाद हलगांवकर, आईटी विभाग प्रमुख डॉ. योगेश गुरव, डॉ. स्वप्नजा उबाले, समन्वयक प्रा. राहुल भोले और प्रा. प्रणालिनी जोशी उपस्थित थीं.

झील कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड रिसर्च, पुणे में साइबर सिक्योरिटी पर आयोजित कार्यशाला में उपस्थित एक्सपर्ट, संस्था के पदाधिकारी व स्टाफ.

डॉ. योगेश गुरव ने कार्यशाला के आयोजन के बारे में बताया, उन्होंने कहा कि बढ़ते साइबर अपराधों के बारे में जागरूकता पैदा करने की जरूरत है. ऐसी कार्यशालाएं इसके लिए बहुत प्रभावी साबित होगी. प्रिंसिपल डॉ. अजीत कोरे ने बताया कि साइबर सिक्योरिटी के बारे में शिक्षकों को प्रशिक्षण देकर उन्हें तैयार करना और छात्रों को इस क्षेत्र में करियर के अवसरों के बारे में जानकारी देना, इस कार्यशाला का उद्देश्य है. इस कार्यशाला के सफल आयोजन के लिए झील संस्था के अध्यक्ष संभाजी काटकर, सचिव डॉ. जयेश काटकर, कार्यकारी निदेशक डॉ. प्रदीप खांदवे ने सराहना की. डॉ. स्वप्नजा उबाले ने आभार माना.